# श्याम हमारी पूजा अर्चन किरपा कर स्वीकार करो लिरिक्स

श्याम हमारी पूजा अर्चन,
किरपा कर स्वीकार करो,
भगवन मेरे दर पे तेरे,
आये है हम उद्धार करो,
श्याम हमारी पुजा अर्चन,
किरपा कर स्वीकार करो।bd।

तर्ज – फूल तुम्हे भेजा है।

---

ना पूजा का थाल साँवरे,
ना अक्षत ना चंदन है,
मोन खड़ा कर जोड़ निहारुं,
अंतर्मन हरि वंदन है,
श्रद्धा सुमन नीर नयनों का,
है भगवन स्वीकार करो,
श्याम हमारी पुजा अर्चन,
किरपा कर स्वीकार करो।bd।

---

मन मंदिर में ठाकुर बस जा,
दर्शन पाऊं जी भर के,
करले अरज कबूल साँवरा,
जाना ना कभी तज कर के,
नित तेरा गुणगान करूँ मैं,
सपनो को साकार करो,
श्याम हमारी पुजा अर्चन,
किरपा कर स्वीकार करो।bd।

---

बंशी की वो मधुर रागनी,
आकर श्याम सुना जाओ,
व्याकुल है प्रभु प्राण हमारे,
आकर धीर बंधा जाओ,
‘नंदू’ के नन्दलाल कृपा कर,
दे दर्शन सब पीर हरो,
**Bhajan Diary Lyrics,**
श्याम हमारी पुजा अर्चन,
किरपा कर स्वीकार करो।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

श्याम हमारी पूजा अर्चन,
किरपा कर स्वीकार करो,
भगवन मेरे दर पे तेरे,
आये है हम उद्धार करो,
श्याम हमारी पुजा अर्चन,
किरपा कर स्वीकार करो।bd।

**Singer – Vijjay Soni**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com